# अनदेखी : शहर के कुएं जागरुकता व देखरेख के अभाव में सूखे

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 14 नवंबर. कुएं का जल संरक्षण के लिए काफी महत्व है, लेकिन शहर के कुएं जागरूकता व देखरेख के अभाव में सूखे हुए है।**

**जलसंकट के समय नपा को आती है कुंओं की याद**

**सफाई नहीं होने से कुंओं में गंदगी का अंबार**

इन कुंओं की याद नगरपालिका को उस समय ही आती है, जब शहर में भीषण जलसंकट का समय आता है, जबकि इन कुंओं ने 13 साल पहले 2012 में पूरे शहर को जलसंकट से उबारा था, वे आज भी शहर के लिए पानी स्टोरेज करने को तैयार हैं, लेकिन इनमें पानी जाने के रास्ते ही बंद हैं। नगरपालिका के ध्यान नहीं देने के कारण इतनी, बारिश होने के बावजूद ये कुएं लबालब नहीं हुए। इनमें कचरा तैर रहा है, जिसे साफ करवाने की जरूरत है। बता दे कि 2017 की गर्मियों में जलसंकट के दौरान नगरपालिका ने शहर के 42 कुओं की सफाई करवाई थी, इन्हें पेंट कर इन पर पानी बचाने और पर्यावरण संतुलन के स्लोगन भी लिखे थे। लेकिन अब अधिकांश कुओं में पानी जाने के रास्ते बंद हैं। यदि इनमें पानी जाने के लिए नालियां ही बना दी जाएं तो ये भरा जाएंगे, इससे भूजलस्तर तो बढेगा ही साथ ही जलसंकट गहराने पर इनका पानी जन उपयोग में लिया जा सकेगा।

**नपा की अनदेखी और जागरूकता के अभाव :** शहर के कुछ कुओं में जलस्तर अच्छा है लेकिन जागरूकता के अभाव में



गंदगी कुएं में बढ़ रही है जिससे कुएं का पानी का उपयोग नहीं हो पा रहा है। लोग कुएं में ही गंदगी फेंक देते हैं। नगरपालिका द्वारा सार्वजनिक कुओं की सफाई नहीं कराई जाती है। जबकि कुछ साल पहले तक शहरवासियों के पानी का मुख्य स्त्रोत कुंए ही रहा करते थे और लोग पीने के अलावा निस्तारी के लिए भी जल का उपयोग करते थे। लेकिन अब यह कुएं देखरेख और जागरूकता के शिकार हो गये है। इसके पीछे कारण यह है कि अब लोग आधुनिक हो गये है। घरों में कुंओं की अपेक्षा बोर करवा लिये है। जिससे आसानीपूर्वक पानी मिल जाता है और मेहनत भी ज्यादा नहीं करनी पड़ती है। जानकारों का कहना है कि शहर के कुंओं की सफाई कर उनमें पानी जाने के लिए रास्ते बनाये जाये तो यह कुंए आधे से अधिक शहर की प्यास बुझा सकते है। जानकार बताते है कि प्रत्येक कुएं में 10 लाख लीटर पानी स्टोर हो सकता है। इस अनुमान से 42 कुओं में 4 करोड़ 20 लाख लीटर पानी स्टोर हो सकता था। बताया गया कि सीमा से सटे गांवों में ही जल संरक्षण के प्रति दिखाई जागरूकता के कारण यहां कुएं लबालब हैं। चिखलार गांव में गर्मियों में ही कुओं के आसपास सोकपिट बनाकर पत्थर डाले गए थे।

> शहर के जो भी कुएं हैं, उनके आसपास सफाई करवाकर पानी जाने के रास्ते बनवाए जाएंगे। जिन कुओं की दोबारा सफाई की जरूरत होगी उन्हें साफ करवाया जाएगा। - **सतीश मटसेनिया,** सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

## शहर के इन क्षेत्रों में सूखे है कुएं

जानकार बताते है कि कई साल हले शहर में आधा सैकड़ा से अधिक कुएं हुआ करते थे, लेकिन समय के साथ लोग आधुनिक हो गये। लोगों के घरों में सहुलियतें बढती गई और लोगों ने अपने घरों में बोर और हैंडपंप लगवाना शुरू कर दिया। जिसके कारण धीरे-धीरे कुंओं का अस्तित्व कम होने लगा। अभी भी शहर के पुलिस लाइन्स, पीडब्ल्यूडी कार्यालय, सदर नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के पीछे, सिविल लाइन्स ताप्ती क्लब के समीप के कुएं, मोती वार्ड के अधिकांश कुएं है, जो नगरपालिका की अनदेखी के कारण सूखे हैं। इन कुंओं को पुनर्जीवित किया जाये तो यह आधे से अधिक शहर को पानी दे सकते है, लेकिन इन कुंओं को पुनर्जीवित करने न तो नपा और न ही प्रशासन का ध्यान दे रहा है।

## 4 करोड़ लीटर पानी हो सकता है स्टोर

शहर के कुंओं की सफाई कर उनमें पानी जाने के लिए रास्ते बनाये जाये तो यह कुंए आधे से अधिक शहर की प्यास बुझा सकते है। जानकार बताते है कि प्रत्येक कुएं में 10 लाख लीटर पानी स्टोर हो सकता है। इस अनुमान से 42 कुओं में 4 करोड़ 20 लाख लीटर पानी स्टोर हो सकता था। बताया गया कि सीमा से सटे गांवों में ही जल संरक्षण के प्रति दिखाई जागरूकता के कारण यहां कुएं लबालब हैं। चिखलार गांव में गर्मियों में ही कुओं के आसपास सोकपिट बनाकर पत्थर डाले गए थे। इन सोकपिट से पाइप बिछाकर कुएं तक डाले गए थे। अब ये कुएं ऊपर तक भर गए हैं।

## एक नजर में

### बच्चों ने लगाए स्टॉल, चखा व्यंजनों का स्वाद

**मुलताई।** जिले में संचालित एकमात्र हिंदी उर्दू माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पकवान के स्टॉल लगाए। शिक्षकों, अभिभावकों सहित स्कूल में पढ़ने वाले अन्य विद्यार्थियों द्वारा स्टॉल पर रखे गए स्वादिष्ट पकवानों का स्वाद चखा। बच्चों द्वारा अपने स्तर पर व्यंजनों की बगिया लगाई थी। किसी ने गुलाब जामुन,ब्रेड पकोड़ा, इडली, भेल पूरी, चाउमीन, ढोकला पानी पूरी, कस्टर्ड सहित अन्य कई स्वादिष्ट खाद्य सामग्री के स्टॉल लगाए थे। बच्चों द्वारा बालमेले का जमकर लुत्फ उठाया।

### बिहार में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने पर भाजपाइयों ने फोड़े पटाखे

**मुलताई।** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिलने पर भाजपाइयों ने स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विधायक चंद्रशेखर देशमुख सहित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पटाखे फोड़ कर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन को 243 में से 200 से अधिक प्रत्याशी को विजय मिली। जिस पर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर विजय जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर, पूर्व जिला महामंत्री रेखा शिवहरे, अविनाश देशमुख सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उत्पन्ना एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह आज

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में उत्पन्ना एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह का आयोजन 15 नवंबर दिन शनिवार को दोपहर 3 बजे से तुलसी भवन विनोबा वार्ड बैतूल में आयोजित की जाएगी। पंडित पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि मार्ग शीर्ष मास की उत्पन्ना एकादशी को बेहद ही महत्वपूर्ण माना गया है। इस दिन व्रत करने से हरि भगवान विष्णु की कृपा की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख समृद्धि आती है।

# अस्पष्ट धुधंले बिल अपलोड कर हो रहा लाखों रुपये का भुगतान

**मुलताई। जनपद पंचायत मुलताई में आने वाली अधिकांश ग्राम पंचायतो में सरपंच सचिव द्वारा अस्पष्ट धुधंले बिल अपलोड कर लाखों रूपए का भुगतान किया जा रहा है,जिससे कि ग्रामीणों को इस बात की जानकारी नही मिल पाए कि उनके द्वारा किसे कितना भुगतान किस कार्य के लिए किया गया है।**

गौरतलब है कि शासन द्वारा पंचायत दर्पण पोर्टल इसलिए सार्वजनिक किया गया है कि सभी ग्रामीणों को इस बात की जानकारी मिल सके कि उनकी पंचायत में कौन कौन से काम चल रहे है और



सरपंच सचिव द्वारा कौनसा कार्य कर किसे कितना भुगतान किया जा रहा है या पंचायत द्वारा कौनसी सामाग्री किस दाम में खरीदी जा रही है। पंचायत में पारदर्शिता लाने के उददेश्य से लांच किया गया है। पंचायत दर्पण पोर्टल पर अपलोड किए गए बिल किसी के समझ में ना आए और ग्रामीणों को जानकारी नही मिल सके कि सरपंच सचिव द्वारा किस सामाग्री का किसे भुगतान किया गया है। इसका नया तरीका सरपंच सचिव ने खोज निकाला है और अधिकांश सरपंच सचिव धुधंले अस्पष्ट बिल पंचायत दर्पण पर अपलोड कर धडल्ले से लाखों रूपए का भुगतान कर रहे है। जिसका उददेश्य यह हो सकता है कि उनके द्वारा भ्रष्टाचार किया जाए तो ग्रामीणों को इस बात की जानकारी ना मिल सके की कहां कहां भ्रष्टाचार हो रहा है। हमारे द्वारा जनपद पंचायत मुलताई की करीब 30 पंचायतो का आय व्यय एवं निर्माण कार्य पर खर्च की गई राशि का ब्यौरा एवं बिल बाउचर देखे गए तो सामने आया कि सबसे ज्यादा अस्पष्ट, धुधंले बिल ग्राम पंचायत दुनावा द्वारा अपलोड कर बिलो का भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा ग्राम पंचायत सेमझिरा, खतेड़ाकला, जामगांव चन्दोराखुर्द, महतपुर, कपास?या, सोनेगांव, भैसादंड, लेदांगोदी, सिपावा, सावंरी, रिधोरा, खैरवानी, हतनापुर, परसठानी, बघोली बुजुर्ग पंचायत के द्वारा अस्पष्ट एवं धुधंले बिल अपलोड किए गए है। बिलो को जानबुझ कर अस्पष्ट रूप से अपलोड किया गया है।

# ब्लॉक कांग्रेस ने मनाई नेहरू जी की जन्म जयंती

**सारनी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सारनी ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिवस पाथाखेड़ा के नेहरू पार्क में नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किशोर चौहान ने कहा कि नेहरू जी बच्चो से बहुत स्नेह करते थे, इसलिए आज उनका जन्मदिवस बालदिवस के रूप में भी मनाया जाता है। देश की आजादी में उनका बहुत बडा योगदान है। आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में देश में विकास कार्यो की नींव रखी और विकसित भारत मे उनके योगदान को कभी भुलाया



नहीं जा सकता। शिवकुमार उपरीत ने भी नेहरू जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक भारत के प्रणेता के रूप में सराहना की। इस अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष महेन्द्र भारती, पार्षद मो. ताहिर अंसारी, रामाश्रय वर्मा, ब्लॉक् कार्यवाहक अध्यक्ष बटेश्वर भारती, रोहन रघुवंशी, प्रकाश मालवी, मिथलेश सिंह, राहुल जैसवाल, किशोर, सुनील भलावी, लता बगाहे सहित अनेको कांग्रेसी मौजूद थे।

# शासकीय महाविद्यालय मुलताई रोजगार मेला 21 को

**बैतूल।** जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बैतूल, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 21 नवंबर को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुलताई में रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक आयोजित रोजगार मेले में प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में आयशर सीआईआई कौशल विकास पीथमपुर में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों के लिए, वर्धमान फैब्रिक प्रा.लि. बुधनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों, कुलोदय टेक्नोपैक प्रा.लि. में मशीन ऑपरेटर, मैकेनिकल, हेल्पर के 100 पदों, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन भोपाल में ट्रेनीवर्कर के 50 पदों व अरविंद लिमिटेड सांतेज अहमदाबाद गुजरात में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों के लिए योग्यता 8वी, 10वी, 12वी आईटीआई उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। जेबीएम ग्रुप गुरुग्राम उत्पादन और गुणवत्ता रखरखाव के 50 पदों के लिए योग्यता आईटीआई आवश्यक है।

# 5 से 7 दिसम्बर तक होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मुलताई। पवित्र नगरी मुलताई में लगने वाले ताप्ती मेले मे 5 से 7 दिसम्बर तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।**

जिसमें नगर के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर शुक्रवार की दोपहर नगर पालिका के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक चन्द्रशेखर देशमुख, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर, सभापति डॉ जीए बारस्कर , महेन्द्र पिल्लू जैन, शिल्पा शर्मा, कुसुम पवांर सहित भाजपा नेता राजू जैन, प्रहलाद



साहू, राजेश पाठक, खेल शिक्षक महेश खत्री, रश्मि बाथरे सहित स्कुलो के शिक्षक उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि ताप्ती मेले में 5 दिसम्बर से 7 दिसम्बर तक तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शाम 7 बजे से 10 बजे तक आयोजन किया जाएगा । जिससे कि मेले में आने वाले यात्रियों का मनोरंजन हो सके वही स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यक्रम में नगर के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के सभी विधार्थी अपनी प्रस्तुति देगें। नपा में से लेकर बैठक आयोजित की।

# जलावर्धन योजना नपा के लिए बनी जी का जंजाल

**सारनी।** जल आवर्धन योजना नगर पालिका के लिए जी का जंजाल बन गई है। इस योजना से नपा को प्रति माह चार करोड़ की चपत लग रही है। नपा सीएमओ ने आनन फानन मे नल कनेक्शन एव जलकर की राशी जमा नहीं करने वाले हितग्राहियों के नल कनेक्शन काटने का फरमान जारी कर दिए है.नल कनेक्शन काटने के नोटिस मिलते हितग्राहियों मे हड़कंप मच गया है। हितग्राहियों ने किस्तों मे पैसा जमा करना शुरू कर दिया है.पालिका मे रोजाना 15 से 20 हजार रूपये की वसुली आ रही है। नपा प्रशासन को जल आवर्धन योजना के लिए 110 करोड़ रूपये का कर्ज मिला है। नपा ने जल आवर्धन योजना के तहत 36 वार्डो मे करीबन 16 हजार नल कनेक्शन लगाए गए है। इस योजना मे नल कनेक्शनधारी को नल कनेक्शन की राशी चार हजार रूपये के अलावा प्रति माह 150 रूपये जमा करना अनिवार्य है, परन्तु कुछ वार्ड पार्षद एव राजनैतिक पार्टी के नेताओं के लछेदार भाषण एव वादों के चलते हितग्राही पैसा जमा नहीं कर रहे है। जिसकी वजह से नपा को चार करोड़ रुपयों की चपत प्रति माह लग रही है। इस मामले मे नपा सीएमओ सीके मेश्राम ने स्पष्ट कहा कि जल आवर्धन योजना की राशी जमा नहीं करने वाले हितग्राहियों के नल कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

# वेटरन प्रतियोगिता में चीफ इंजीनियर ने मारी बाजी

**सारनी।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा आयोजित 47वीं अंतर-क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी तरफ वेटरन के डबल मे चीफ इंजीनियर व्हीके केथवास की टीम ने सुनील तंगापन की टीम को पराजित किया। सारनी ने चचाई को 3-0 से हराया ?सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी क्षेत्र की टीम ने टीम इवेंट के मुकाबले में चचाई टीम को 3-0 के सीधे सेटों से पराजित कर (तृतीय स्थान) अपने नाम किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच



खंडवा और जबलपुर मुख्यालय की टीमों के बीच खेला जाना है। व्यक्तिगत मुकाबलों के परिणाम प्रतियोगिता के व्यक्तिगत वर्ग के मुकाबले भी रोमांचक रहे, जिनके कुछ प्रमुख परिणाम वेटरन युगल एक संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में मुख्य अभियंता व्ही.के.कैथवार और प्रवीण राय की जोड़ी ने हेमराज शाक्य और सुनील थंगप्पन को हराकर खिताब जीता।वेटरन एकल सेमी-फाइनल मुकाबले में अरविंद कुमार ने डीके तिवारी को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका मुकाबला नरेंद्र मलहात्रे से होगा, जो दूसरी ओर से फाइनल में पहुंचे हैं। ओपन एकल इस वर्ग के मुकाबले में जबलपुर के प्रतीक कनकने ने आकाश श्रीवास को हराकर जीत हासिल की। प्रतियोगिता में मैचों के लिए रेफरी की भूमिका अनुराग राकेश खिलाड़ियों द्वारा बखूबी निभाई जा रही है।

# केन्द्रीय विद्यालय में ऑपरेशन मुस्कान के तहत जागरुकता अभियान

**पाथाखेड़ा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार आज ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय सारनी में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें विभिन्न प्रकार के अपराधों से बचाव, ऑनलाइन सुरक्षा तथा सतर्कता के महत्व से अवगत कराया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को क्या करें और क्या न करें के महत्वपूर्ण बिंदुओं के माध्यम से समझाया कि समझदारी और सावधानी किसी भी घटना से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। बच्चों को किसी भी अनुचित



परिस्थिति में तुरंत पुलिस, परिवार या विश्वसनीय व्यक्ति को सूचना देने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिला संबंधी अपराधों की जानकारी, गुड टचङ्कबैड टच की समझ, विश्वसनीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के उपयोग के नियम, पासवर्ड सुरक्षा, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, प्राइवेसी सेटिंग्स, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की सुरक्षित मरम्मत तथा डेटा वाइपिंग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही ऑनलाइन लॉटरी, कैशबैक, फर्जी जॉब-लोन ऑफर्स, मेट्रोमोनियल फ्रॉड और अनधिकृत कस्टमर केयर नंबरों से जुड़े साइबर ठगी के खतरों से भी विद्यार्थियों को आगाह किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि डिजिटल युग में जागरूकता ही सुरक्षा की सबसे मजबूत ढाल है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के लिए प्रेरित करना और महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे तथा स्वयं को अधिक सुरक्षित और सतर्क रखने का संकल्प लिया।

# कामथ में होगा 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

**मुलताई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में ग्राम कामथ कामथ में 1 दिसंबर से 5 दिसंबर 2025 तक जन्म शताब्दी वर्ष के अनुयाज क्रम में राष्ट्र जागरण शक्ति संवर्धन 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन ,पूर्णा बाई बुवाडे,एवं राजकुमार बुवाड़े परिवार द्वारा गायत्री परिवार मुलताई के सहयोग से किया जाना है। राष्ट्र जागरण 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा की सफलता के लिए गायत्री शक्ति पीठ मुलताई से शक्ति कलश का पूजन कर कामथ की गायत्री परिवार की महिला मंडल की बहनों एवं भाइयों के द्वारा यज्ञ स्थल पर ले जाकर गायत्री परिवार एवं विभिन्न ग्रामों से आए परिजनों की उपस्थिति में भूमि पूजन सम्पन्न किया गया।इस शक्ति कलश की स्थापना पूर्णा बाई बुवाडे




के घर पर की गई।गायत्री परिवार के तहसील समन्वयक नारायण देशमुख ने यज्ञ की सफलता के लिए उपस्थित परिजनों को नियमित एक घण्टे की सामूहिक साधना करने एवं अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में परिजनों की उपस्थिति के लिए प्रचार प्रसार करने के लिए मार्गदर्शन दिया दिया। उपस्थित महिला मंडल की बहनों सहित गायत्री परिवार के परिजन ने कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रतिदिन एक घंटा सामूहिक गायत्री मंत्र की साधना करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्पत राव धोटे,तहसील समन्वयक नारायण देशमुख, मुख्य ट्रस्टी यादोराव निंबालकर, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामदास देशमुख, सहित गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# सिकलसेल एनीमिया अभियान का उत्कृष्ट क्रियान्वयन

**बैतूल।** बैतूल जिले ने 125 दिवसीय सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग और जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े और नोडल अधिकारी डॉ. अंकिता सीते को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। सीएमएचओ डा.मनोज हुरमाडे ने बताया की जनजातीय बहुल बैतूल जिले में सिकल सेल नियंत्रण के लिए कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अक्षत के मार्गदर्शन में सिकल मित्र नामक नवाचार शुरू किया गया। इस पहल के तहत युवाओं, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण देकर सिकल सेल रोग की पहचान, स्क्रीनिंग प्रक्रिया, जेनेटिक काउंसलिंग और प्रारंभिक परामर्श की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान स्कूलों और महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम, पोस्टर प्रतियोगिताएँ, रैलियां और शिविर आयोजित किए गए, जबकि डिजिटल माध्यमों सोशल मीडिया, व्हॉट्सऐप और रेडियो के जरिए समुदाय तक महत्वपूर्ण जानकारी लगातार पहुंचाई गई। सिकल मित्रों ने स्वास्थ्य विभाग के शिविरों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए ग्रामीणों को परीक्षण केंद्रों से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# क्षतिग्रस्त डिवाइडर के कारण हो सकता है हादसा

**पाथाखेड़ा। शहर के वार्ड क्रमांक 36 स्थित बरेठा-छिंदवाड़ा हाइवे पर बना डिवाइडर लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ा है। बावजूद इसके, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।**

स्थानीय रहवासी प्रशासन की इस अनदेखी से बेहद नाराज़ हैं। उनका कहना है कि क्या नगरपालिका व स्थानीय नेता किसी बड़े हादसे या जनहानि का इंतज़ार कर रही है। सारनी नगर में कुल 36 वार्ड हैं, जिनमें से केवल तीन वार्ड निजी क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, जबकि शेष वार्ड एमपीपीजीसीएल और डब्ल्यूसीएल से जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद शासन से मिलने वाले करोड़ों रुपए के फंड का उपयोग



अधिकतर उन्हीं कुछ वार्डों तक सीमित रह गया है। वार्ड क्रमांक 36 नगर के सबसे बड़े और राजस्व देने वाले वार्डों में से एक है, जो बरेठा-छिंदवाड़ा हाइवे के दोनों ओर लगभग दो किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। इस वार्ड से टैक्स के रूप में नगरपालिका को सबसे अधिक आय प्राप्त होती है, लेकिन मूलभूत सुविधाओं के नाम पर यहां केवल कचरा वाहन और सीमित जल आपूर्ति ही मिल रही है, जिनका शुल्क भी जनता से वसूला जाता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि क्षतिग्रस्त डिवाइडर के कारण आए दिन वाहन चालक दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बचते हैं। रात के समय यहां दृश्यता कम होने से खतरा और बढ़ जाता है।